## The ICFAI Law School of The ICFAI University, Dehradun organized a 'Legal Aid Camp' under the aegis of District Legal Service Authority -Sept 26, 2018

Dainik Bhaskar,

दैनिक भास्कर
04 गुरुवार, 27 सितंबर 2018 देहरादून

सारसुर्खियां

### कानूनी अधिकारों से कराया अवगत

**देहरादून।** इक्फाई विश्वविद्यालय के लॉ संकाय ने जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सहयोग से ग्राम पंचायत भवन, राजावाला-सहसपुर में कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के आयोजन का उद्देश्य राजावाला भगवानपुर एवं तेलपुरा के ग्रामीण लोगों को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराना था। शिविर में दहेज उत्पीड़न एवं संपत्ति विवाद जैसे मुद्दे पर ग्रामीणों द्वारा चर्चा की गई। घर के ऊपर हाई टेंशन तारों के होने की समस्या पर भी चर्चा की गई। इन सभी मुद्दों का संज्ञान लेते हुए शिविर में मौजूद विश्वविद्यालय अधिकारियों ने जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण को इन मामलों की जानकारी दी।

### डायरि

अप्रैल से अगस्त 2

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मि
के निदेशक एवं अपर स
स्वास्थ्य युगल किशोर पंत
बताया गया कि राज्य में अप्रै
अगस्त 2018 तक 05 वर्ष
कम आयु के 4858
डायरिया से ग्रसित पाए गए
उन्होंने बताया कि उत्तराखं
05 वर्ष से कम आयु के बच्
डायरिया से बचाव एवं नियंत्र
लिए 28 सितंबर से 10 अक
तक राज्य में सघन डाय
नियंत्रण पखवाडा अभियान
तौर पर आयोजित किया जाए
इस संबंध में राष्ट्रीय स्वा
मिशन के निदेशक युगल कि

**Rashtriya Sahara**

# ग्रामीणों को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी



विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता ट्रॉफी के साथ।

**देहरादून (एसएनबी)।** इक्फाई विवि के लॉ संकाय द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से राजावाला (सहसपुर) में विधिक सहायता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई।

मंगलवार को राजावाला स्थित पंचायत भवन में आयोजित शिविर का उद्घाटन प्रति कुलपति डा. मुड्डू विनय ने किया। डा. विनय ने लॉ के छात्रों को ग्रामीणों की समस्याओं का निवारण करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में दहेज उत्पीड़न, सम्पत्ति विवाद समेत अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों को दुर्व्यवहार से जुड़े कानूनों की जानकारी दी। राजावाला की प्रधान देवकी बिष्ट, भगवानपुर की प्रधान बालादेवी शर्मा एवं राजावाला प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमिराज नेगी ने कानूनी एवं सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भाषण, पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं का ट्राफी प्रदान की। सीडीओ जीएस रावत एवं डीडीओ पीके पाण्डेय ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर सुनील कुमार, मोनिका खरोला, डा. सुशांत कुमार, अविनाश भट्ट, संदीप दुबे, स्वतंत्र कुमार यादव, उत्कर्ष त्रिपाठी, अपूर्वा तोमर, निखिल श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

**Hindustan**

# ग्रामीणों को दी सरल कानूनी जानकारी

सेलाकुई | हमारे संवाददाता

इक्फाई विवि के लॉ संकाय के तहत जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सहयोग से राजावाला गांव में कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कानून विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को उनके अधिकारों के साथ कानून संबंधी जानकारी दी।

राजावाला पंचायत घर में आयोजित शिविर का शुभारम्भ विवि के उप कुलपति डॉ. मुड्डु विनय, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जीएस रावत व जिला विकास अधिकारी पीके पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने शिविर में सम्मिलित अतिथिगणों का स्वागत करते हुए लॉ संकाय के प्राध्यापकों एवं छात्रों को ग्रामीणों की समस्याओं के निवारण व समाधान हेतु प्रोत्साहित किया। इसके उपरांत कानून विशेषज्ञों ने दहेज उत्पीड़न एवं सम्पत्ति विवाद जैसे मुद्दे पर ग्रामीणों के साथ चर्चा की। ग्रामीणों ने घर के ऊपर हाई टेंशन तारों की समस्याओं के साथ घरेलू झगड़ों आदि की समस्याओं से विशेषज्ञों को अवगत कराया। संकाय प्रभारी मोनिका खरोला ने ग्रामीणों को यौन अपराध अधिनियम, बच्चों की सुरक्षा सम्बंधित कानून, हिंसा और अधिकार सम्बंधित कानून से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए कानून का लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान बतौर विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जीएस रावत व जिला विकास अधिकारी पीके पांडेय ने मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्राध्यापक सदस्य सुनील कुमार, डॉ. सुशांता कुमार, अविनाश भट्ट, संदीप दुबे थे।



राजावाला में मंगलवार को कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। • हिन्दुस्तान

**Amar Ujala**

# छात्रों ने ग्रामीणों को दी कानून की जानकारी

संवाद सहयोगी, विकासनगर: सेलाकुई इक्फाई विश्वविद्यालय द्वारा मंगलवार को सहसपुर ब्लॉक की राजावाला पंचायत में विधिक साक्षरता शिविर लगाकर ग्रामीणों को कानून व उनके अधिकारों की जानकारी मुहैया कराई गई। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ व अपने अधिकारों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। शिविर का उद्घाटन विवि के प्रति कुलपति डॉ. मड्डु विनय ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कानून के छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रदर्शन व भाषण के माध्यम से ग्रामीणों को कानून की जानकारी मुहैया कराई गई। पोस्टर प्रदर्शनी में अंकुरित बिष्ट व समीना रेहान प्रथम, श्रेओसी दास व आरोषी द्वितीय स्थान पर रहीं। जबकि भाषण प्रतियोगिता में अपूर्वा तोमर प्रथम, निखिल श्रीवास्तव द्वितीय स्थान पर रहे।

शिविर में राजावाला, भगवानपुर व तेलपुरा के ग्रामीणों की समस्याओं का निवारण करने के लिए सहायता केंद्र बनाया गया था। प्रति कुलपति ने कहा कि इस तरह के शिविर आयोजित करने से ग्रामीणों में जागरूकता पैदा होती है। जिससे समाज में बदलाव आने की संभावनाएं बढ़ती हैं। कहा कानूनी जानकारी होने से समाज में बढ़ रहे अपराधों पर भी नियंत्रण होता है। साथ ही व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहता है। शिविर में दहेज उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, बाल मजदूरी, यौन अपराध, घरेलू हिंसा, हिंसक दुर्व्यवहार जैसे मसलों पर ग्रामीणों द्वारा चर्चा की गई। घर के ऊपर हाईटेंशन तारों के होने की समस्या पर भी चर्चा की गई। इन सभी मसलों का संज्ञान लेते हुए शिविर में मौजूद विश्वविद्यालय अधिकारियों ने जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण को इन मामलों की जानकारी दी ताकि वह इन मामलों में आगे की पूछताछ व उचित कार्रवाई हो सके। इस दौरान ग्राम प्रधान देवकी बिष्ट, बाला देवी, सुमिराज नेगी, सीडीओ जीएस रावत, डीडीओ पीके पांडेय, लॉ संकाय के प्राध्यापक सुनील कुमार, मोनिका खरोला, डॉ. सुशांता कुमार, अविनाश भट्ट, संदीप दुबे, स्वतंत्र कुमार यादव, उत्कर्ष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



सभावाला में इकफाई विवि के छात्र नुक्कड़ नाटक कर कानूनी जागरूकता पैदा करते हुए • [illegible]

**Dainik Jagran I-Next**

# ग्रामीणों को दी कानून की जानकारी

## इक्फाई यूनिवर्सिटी ने जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सहयोग से किया कानूनी सहायता शिविर का आयोजन




इक्फाई यूनिवर्सिटी के लॉ संकाय ने जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सहयोग से ग्राम पंचायत भवन, राजावाला में कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया. इस शिविर के आयोजन का उद्देश्य राजावाला भगवानपुर, तेलपुरा के ग्रामीण लोगों को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराना था.

### सहायता केंद्र के जरिए जानकारी

इस शिविर को आयोजित करने के लिए यूनिवर्सिटी के लॉ संकाय के सुनील कुमार, संयोजक, मोनिका खरोला, संकाय प्रभारी डॉ सुशांता कुमार शाहदंगी, अविनाश भट्ट ,रूथ वाईपही सहित छात्र समन्वयक संदीप दुबे, स्वतंत्र कुमार यादव, उत्कर्ष त्रिपाठी, अपूर्वा तोमर और निखिल श्रीवास्तव ने भाषण, पोस्टर प्रदर्शनी, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता के साथ-साथ राजावाला भगवानपुर और तेलपुरा के ग्रामीण लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं के समाधान बताये. पोस्टर प्रदर्शनी के विजेता अन्कुरिटा बिट , समीना रेहमान और द्वितीय विजेता श्रेओसी दास को ब्लेजिंग एलॉइज देहरादून द्वारा ट्रॉफी दे कर पुरस्कृत किया गया. इस मुहिम के तहत छात्र समन्वयक ने लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए एक सहायता केंद्र के जरिए भी जानकारी दी गई. इक्फाई यूनिवर्सिटी के प्रति उपकुलपति डॉ मुडु विनय ने दीप प्रज्वलित कर इस शिविर का शुभारम्भ किया. यूनिवर्सिटी के लॉ संकाय के सभी टीचर, छात्रों को ग्रामीणों की समस्याओं का निवारण करने के लिए प्रोत्साहित किया. इस मौके पर राजावाला की प्रधान देवकी बिष्ट, भगवानपुर की प्रधान बालादेवी शर्मा, राजावाला प्राथमिक विद्यालय के प्रिंसिपल सुमिराज नेगी ने कई कानूनी , सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की. साथ ही लोगों को जागरूक किया. शिविर के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जीएस रावत, जिला विकास अधिकारी पीके पाण्डेय भी मौजूद रहे.

**पोस्टर प्रदर्शनी के विजेता अन्कुरिटा बिट , समीना रेहमान और द्वितीय विजेता श्रेओसी दास को ब्लेजिंग एलॉइज देहरादून द्वारा ट्रॉफी दे कर पुरस्कृत किया गया.**



### पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई

लोगों को अपने आस-पास के इलाकों, पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ ग्रहण दिलाई. इस शिविर में ग्रामीणों के प्रतिभाग करने, अपनी समस्याओं पर चर्चा करने से शिविर करने वालों को प्रोत्साहन मिलता है. इस शिविर में दहेज उत्पीड़न, सम्पत्ति विवाद जैसे मुद्दे पर ग्रामीणों द्वारा चर्चा की गई. घर के ऊपर हाईटेंशन तार होने की समस्या पर भी चर्चा की गई. इन सभी मुद्दों का संज्ञान लेते हुए शिविर में मौजूद यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण को इन मामलों की जानकारी दी.

**Dainik jagran**

# छात्रों ने ग्रामीणों को दी कानून की जानकारी

संवाद सहयोगी, विकासनगर: सेलाकुई इक्फाई विश्वविद्यालय द्वारा मंगलवार को सहसपुर ब्लॉक की राजावाला पंचायत में विधिक साक्षरता शिविर लगाकर ग्रामीणों को कानून व उनके अधिकारों की जानकारी मुहैया कराई गई। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ व अपने अधिकारों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। शिविर का उद्घाटन विवि के प्रति कुलपति डॉ. मड्डु विनय ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कानून के छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रदर्शन व भाषण के माध्यम से ग्रामीणों को कानून की जानकारी मुहैया कराई गई। पोस्टर प्रदर्शनी में अंकुरित बिष्ट व समीना रेहान प्रथम, श्रेओसी दास व आरोषी द्वितीय स्थान पर रहीं। जबकि भाषण प्रतियोगिता में अपूर्वा तोमर प्रथम, निखिल श्रीवास्तव द्वितीय स्थान पर रहे।

शिविर में राजावाला, भगवानपुर व तेलपुरा के ग्रामीणों की समस्याओं का निवारण करने के लिए सहायता केंद्र बनाया गया था। प्रति कुलपति ने कहा कि इस तरह के शिविर आयोजित करने से ग्रामीणों में जागरूकता पैदा होती है। जिससे समाज में बदलाव आने की संभावनाएं बढ़ती हैं। कहा कानूनी जानकारी होने से समाज में बढ़ रहे अपराधों पर भी नियंत्रण होता है। साथ ही व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहता है। शिविर में दहेज उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, बाल मजदूरी, यौन अपराध, घरेलू हिंसा, हिंसक दुर्व्यवहार जैसे मसलों पर ग्रामीणों द्वारा चर्चा की गई। घर के ऊपर हाईटेंशन तारों के होने की समस्या पर भी चर्चा की गई। इन सभी मसलों का संज्ञान लेते हुए शिविर में मौजूद विश्वविद्यालय अधिकारियों ने जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण को इन मामलों की जानकारी दी ताकि वह इन मामलों में आगे की पूछताछ व उचित कार्रवाई हो सके। इस दौरान ग्राम प्रधान देवकी बिष्ट, बाला देवी, सुमिराज नेगी, सीडीओ जीएस रावत, डीडीओ पीके पांडेय, लॉ संकाय के प्राध्यापक सुनील कुमार, मोनिका खरोला, डॉ. सुशांता कुमार, अविनाश भट्ट, संदीप दुबे, स्वतंत्र कुमार यादव, उत्कर्ष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



सभावाला में इकफाई विवि के छात्र नुक्कड़ नाटक कर कानूनी जागरूकता पैदा करते हुए • जागरण